Chapter- 13

जीव दया

STUDY NOTES

विषय प्रतिपाद्य :

प्रस्तुत पाठ में महाभारत के प्रसंग को आधार बनाकर जीवों पर दया करने के लिए प्रेरणा दी गई है। पांड़वों में श्रेष्ठ युधिष्ठिर अपने दयालु स्वभाव और धर्मनिष्ठता के कारण प्रसिद्ध थे।

हिमालय भ्रमण पर जाते समय वे अपने कुत्ते को भी ले गए। उनके अच्छे कार्यों से प्रभावित होकर स्वर्ग से देवदूत आए और उन्हें स्वर्ग चलने के लिए प्रेरित करने लगे। युधिष्ठिर अपने कुत्ते को भी साथ ले जाना चाहते थे। देवदूतों ने देवताओं को सारी बात बताई। देवताओं में इस घटना की चर्चा होने लगी। युधिष्ठिर का कुत्ते के प्रति प्रेम देखकर उन्हें कुत्ते के साथ स्वर्ग स्वयं प्रवेश करने की अनुमति मिल गई। हमें सब जीवों पर दया करनी चाहिए। 'जीओ और जीने दो' का मंत्र अपनाना चाहिए।

अभ्यास कार्य

मौखिक

१. श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास –

धर्मनिष्ठता	प्रेरित	स्वर्ग	हिमालय
भ्रमण	स्वर्गलोक	युधिष्ठिर	वफ़ादार

२. कम-से-कम शब्दों में उत्तर दीजिए –

क) पांडवों में सबसे बड़े कौन थे ?

उ– पांडवो में सबसे बड़े युधिष्ठिर थे।

ख) युधिष्ठिर अपने साथ किसे और कहाँ ले गए थे ?

उ- युधिष्ठिर अपने साथ अपने कुत्ते को स्वर्ग ले गए थे।

ग) सभी धर्मों का क्या मानना है ?

उ- सभी धर्मों का मानना है – जिओ और जीने दो।

लिखित

१. सही के सामने (✓) और गलत के सामने (X) का चिह्न लगाइए -

क) कौरवों में युधिष्ठिर सबसे बड़े थे। ( )

ख) युधिष्ठिर अपने साथ गाय को ले गए। ( )

ग) युधिष्ठिर भ्रमण करने हिमालय गए। ( )

घ) यह पाठ जीव-दया का पाठ सिखाता है। ( )

ङ) जियों और जीने दो। यह अधर्म है। ( )

उत्तर – (क) X (ख) X (ग) ✓ (घ) ✓ (घ) X

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) युधिष्ठिर अपने पाँचों भाइयों के साथ कहाँ गए थे ?

उ - युधिष्ठिर अपने पाँचों भाइयों के साथ हिमालय गए थे।

ख) युधिष्ठर के स्वभाव की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

उ - युधिष्ठिर स्वभाव में दयालु और धर्मनिष्ठ थे।

ग) देवता युधिष्ठिर को कहाँ ले जाना चाहते थे ?

उ - देवता युधिष्ठिर को स्वर्ग ले जाना चाहते थे।

घ) अंत में देवताओं ने क्या निर्णय लिया ?

उ - अंत में देवताओं ने युधिष्ठिर को कुत्ते के साथ स्वर्ग में प्रवेश करने की निर्णय लिये।

३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) युधिष्ठिर ने स्वर्ग जाने से मना क्यों कर दिया ?

उ- युधिष्ठिर के अच्छे कार्यों से प्रभावित हो कर देवताओं ने उन्हें स्वर्ग ले जाना चाहते थे। परंतु युधिष्ठिर अपने साथी कुत्ते को भी लेना चाहते थे। स्वर्ग केवल मनुष्यों के लिए हैं, जानवरों के लिए नहीं था। जब देवताओं ने कुत्ते को स्वर्ग जाने की मना कर दिए तब युधिष्ठिर ने स्वर्ग जाने से मना कर दिया।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

ख) 'जियो और जीने दो' से आप क्या समझते हैं?

उ- जियों और जीने दो का मतलब है कि-जीवन अनमोल है हम सभी को जीवन सही तरह से जीना चाहिए और इसी के साथ हमारा कर्तव्य है कि दूसरे को भी जीवन सही तरीके से जीने देना चाहिए। किसी पर क्रोध, घृणा और नुकसान पहुँचाना नहीं चाहिए।

भाषा ज्ञान-

१. विलोम शब्द लिखिए।

क) अच्छा - बुरा

ख) बड़ा -

ग) स्वर्ग -

घ) सुख -

ङ) हारना -

च) धर्म -

उत्तर- बड़ा - छोटा

स्वर्ग - नर्क

सुख - दुख

हारना - जितना

धर्म - अधर्म

२. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द चुनकर लिखिए।

(धर्मनिष्ठ, दयालु, नास्तिक, आस्तिक, सर्वज्ञ)

क) जो सभी पर दया दिखलाता है – दयालु

ख) धर्म के अनुसार चलने वाला – धर्मनिष्ठ

ग) भागवान पर विश्वास रखने वाला – आस्तिक

घ) भगवान पर विश्वास न रखने वाला – नास्तिक

ङ) सब कुछ जानने वाला – सर्वज्ञ

३. पढ़िए और समझिए।

रिक्त स्थान भरिए –

क) वर्षा हो रही है। यह ________ काल का उदाहरण है।

ख) कल छुट्टी थी। यह ________ काल का उदाहरण है।

ग) मेरे मामा मुंबई से आएँगे । यह ________ काल का उदाहरण है।

घ) बच्चा खाना खा रहा है। यह ________ काल का उदाहरण है।

उत्तर - (क) वर्तमान काल (ख) भूतकाल (ग) भविष्य काल (घ) वर्तमान काल।

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow